
**14.** (c) अजय के चलने का क्रम निम्नवत् होगा





AC = AB − BC = 12 − 8 = 4 मी, BD = 3 मी

अतः अभीष्ट दूरी (AD) $= \sqrt{(AC)^2 + (CD)^2}$

$= \sqrt{(4)^2 + (3)^2}$


$= \sqrt{25} = 5$ मी, उत्तर-पूर्व में अजय अपने प्रारम्भिक स्थान से दूर है।

**15.** (c)





∴ फरीदाबाद से गाजियाबाद की कुल दूरी (16 + 40) = 56 किमी उत्तर दिशा में है।

**16.** (c) व्यक्ति के चलने का क्रम निम्नवत् होगा





अतः आरेख से स्पष्ट है कि व्यक्ति अब पूर्व दिशा की ओर जा रहा है।

**17.** (c) व्यक्ति के चलने की दिशा निम्नवत् होगी





अतः आरेख से स्पष्ट है कि व्यक्ति पूर्व दिशा की ओर मुँह करके चला रहा है।

**18.** (a) सुहास ने चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः अभीष्ट दूरी AD = BC = 15 किमी

**19.** (b) रमेश के चलने का क्रम निम्नवत् है




अतः रमेश अपने प्रारम्भिक स्थान से पश्चिम दिशा में है।

## अध्याय 9

# सम्बन्ध अवधारणा

सम्बन्ध अवधारणा मुख्य रूप से रक्त सम्बन्धों पर आधारित होती है। इस प्रकार के प्रश्नों में दो या दो से अधिक व्यक्तियों के सम्बन्ध देकर किसी व्यक्ति विशेष का सम्बन्ध अन्य किसी व्यक्ति से पूछा जाता है।

सम्बन्धों पर आधारित प्रश्नों को हल करने हेतु परीक्षार्थी को रिश्ते सम्बन्धी ज्ञान की अच्छी समझ होना अत्यन्त आवश्यक है।


*नीचे दी गई सारणी को पढ़कर आप इस प्रकार के प्रश्नों को सुगमतापूर्वक हल कर सकेंगे*

| पीढ़ी | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| दो पीढ़ी ऊपर | दादा, नाना | दादी, नानी |
| एक पीढ़ी ऊपर | पिता, चाचा, फूफा, मौसा, ससुर | माँ, चाची, बुआ, मौसी, सास |
| स्वयं की पीढ़ी | पति, भाई, चचेरा भाई, ममेरा भाई, मौसेरा भाई, फूफेरा भाई, बहनोई, साला, देवर, जेठ, साली का पति, ननदोई | पत्नी, बहन, चचेरी बहन, ममेरी बहन, मौसेरी बहन, फूफेरी बहन, ननद, सलहज, देवरानी, जेठानी, भाभी, साली |
| एक पीढ़ी नीचे | पुत्र, भतीजा, भांजा, दामाद | पुत्री, भतीजी, भाँजी, पुत्रवधू |
| दो पीढ़ी नीचे | पोता, नाती, पोती या नतिनी का पति | पोती, नतिनी, पोता या नाती की पत्नी |

**उदाहरण 1** राजीव, मीरा से कहता है कि तुम मेरे दादा के इकलौते पुत्र की पुत्री हो। राजीव, मीरा से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) भाई (b) पिता (c) चाचा (d) पुत्र

***हल*** *(a)* प्रश्नानुसार,





उपरोक्त से स्पष्ट है कि राजीव मीरा का भाई है।

**उदाहरण 2** विजय कहता हैं, "आनन्द की माता, मेरी माता की एकमात्र पुत्री है।" आनन्द, विजय से किस प्रकार सम्बन्धित है?

(a) भाई
(b) पिता
(c) भाँजा
(d) दादा

*हल (c)*




उपरोक्त से स्पष्ट है कि आनन्द, विजय का भाँजा है।

# अभ्यास के लिए प्रश्न

**1.** यदि कमल कहता है कि 'रवि की माँ, मेरी माँ की इकलौती बेटी है', तो कमल रवि से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) दादा (b) पिता
(c) भाई (d) इनमें से कोई नहीं

**2.** एक चित्र की ओर इशारा करते हुए एक महिला कहती है कि, 'वह चित्र उसके पिता के इकलौते पुत्र की दादीजी की बहू का है।' महिला की, चित्र वाली महिला कौन है?
(a) माँ (b) दादी (c) बुआ (d) भाभी

**3.** अंजली सुलोचना से कहती है कि तुम्हारी माता मेरे मामा की बहन है परन्तु वह मेरी माँ नहीं है। सुलोचना के पिता का सम्बन्ध अंजली के साथ किस प्रकार का होगा?
(a) मौसा (b) मामा (c) चाचा (d) पिता

**4.** संजय ने कृति से कहा 'तुम मेरी बहन की माँ के पति की बहन के बेटे हो!' कृति संजय से किस तरह सम्बन्धित है?
(a) फुफेरा भाई (b) चचेरा भाई
(c) चाचा (d) इनमें से कोई नहीं

**5.** विनीत से संजय ने कहा कि 'दिया तुम्हारी मौसी है और मेरी माँ भी तुम्हारी मौसी है तथा रीमा मेरी बहन है।' बताइए कि संजय का रीमा से क्या सम्बन्ध है?
(a) मौसेरा भाई (b) ममेरा भाई
(c) फुफेरा भाई (d) चाचा

**6.** B, D की माँ और C, D का भाई है। H, E की बेटी है, जबकि D, E की पत्नी है, तो E का C से क्या सम्बन्ध है?
(a) ससुर (b) बहनोई
(c) चाचा (d) भाई

**7.** A और B बहनें हैं। R और S भाई हैं। A की बेटी R की बहन है। B का S से क्या सम्बन्ध है?
(a) माँ (b) दादी (c) बहन (d) आंटी

**8.** E, B की बहन है। A, C का पिता है। B, C का पुत्र है। तब A का E से क्या सम्बन्ध है?
(a) दादा (b) पौत्री
(c) पिता (d) परदादा

**9.** B की बहन है A, C का भाई है B, D का पुत्र है C, तो A का D के साथ क्या रिश्ता है?
(a) माता (b) पुत्री (c) पुत्र (d) चाचा

**10.** A का भाई है B जिसकी इकलौती बहन A, C की माता है। D, 'C' की नानी है। D के साथ A का क्या रिश्ता है?
(a) बहू (b) पुत्री (c) चाची (d) भतीजा

**11.** A व B बहनें हैं। C, A का भाई है। D, E का भाई है। यदि E, B की बेटी है, तो D की मौसी कौन है?
(a) E (b) C (c) A (d) B

**12.** यदि A बेटा है Q का, Q और Y बहनें हैं। Y की माँ Z है। P बेटा है Z का, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) A का मामा P है
(b) P और Y बहनें हैं
(c) A का चाचा P है
(d) A और P चचेरे भाई-बहन हैं

**13.** P तथा Q भाई हैं। P, S का पिता है। R, Q का एकमात्र पुत्र है तथा वह U से विवाहित है। U, S से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) भाभी (b) सास
(c) बहन (d) माता


**14.** प्रेमा अजय की बहन है बेनिटा अजय की माता है बेनजामिन, बेनिटा के पिता हैं। लीला बेनजामिन की माता है। प्रेमा का लीला से क्या सम्बन्ध है।
(a) पुत्रवधू (b) पुत्री
(c) पोती (d) परपोती

**उत्तरमाला**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (d) | 2 (a) | 3 (a) | 4 (a) | 5 (a) |
| 6 (b) | 7 (d) | 8 (a) | 9 (b) | 10 (b) |
| 11 (c) | 12 (a) | 13 (a) | 14 (d) | |


# संकेत एवं हल

**1.** (d)





अतः कमल रवि का मामा है, चूँकि रवि की माँ, कमल की बहन है।

**2.** (a)




अतः चित्र वाली महिला, उस महिला की माँ है।

**3.** (a) प्रश्नानुसार,




अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि सुलोचना के पिता, अंजली के मौसा लगेंगे।